भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2722
बुधवार, 12 अगस्त, 2026 (21 श्रावण 1948 (शक)) को उत्तरार्थ

एनसीओएल और राज्य सहकारी फेडरेशनों के बीच समन्वय

2722# श्री नीरज शेखर:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)क्या राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) के अतिरिक्त राज्य स्तरीय सहकारी फेडरेशन भी जैविक उत्पाद के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं; और

(ख)यदि हाँ, तो राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) राज्य सहकारी फेडरेशन के साथ किस प्रकार कार्य करेगा?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) जी हां, मान्यवर । कई राज्य-स्तरीय सहकारी परिसंघ अपने-अपने राज्यों में जैविक खेती, प्रापण, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, विपणन और जैविक उत्पादों के प्रचार से संबंधित कार्यकलापों में लगे हुए हैं ।

(ख) राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) प्रमाणित जैविक खेती, प्रापण और विपणन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सहकारी विभागों/नोडल एजेंसियों के साथ यथाउपयुक्त समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने सहित विभिन्न उपायों के माध्यम से राज्य सहकारी परिसंघों के साथ समन्वय करता है । यह राज्य सहकारी परिसंघों, सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और अन्य सहकारी संस्थानों को सदस्यों/भागीदारों के रूप में भी जोड़ता है ताकि "भारत ऑर्गेनिक्स" ब्रांड के तहत जैविक उत्पादों के एकत्रीकरण, प्रापण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन सहित जैविक मूल्य श्रृंखला में उनकी भागीदारी को सुविधाजनक बनाया जा सके । इसके अतिरिक्त, एनसीओएल सहकारी संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी)-प्रमाणित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली (आईसीएस) समूहों के गठन की सुविधा प्रदान करता है ।

*****